# संचालनालय, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी, (आयुष) छत्तीसगढ़

ब्लॉक-1, तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर 492002
फोन नं. (0771) 2221640, फैक्स - 2221641, ईमेल - cgayush@gmail.com

---

क्रमांक STU-4702/18/2025/UG Admission नवा रायपुर,दिनांक 04-11-2025

-:: सूचना ::-

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर द्वारा याचिका WPS No. 5074/2023 में पारित आदेश दिनांक 29.10.2025 में प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के संकल्प दिनांक 08.09.2023 द्वारा महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, राजनांदगांव के बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम हेतु निर्धारित फीस को रद्द करते हुए प्रतिवादी क्रमांक 04 (प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति, रायपुर) को याचिकाकर्ता/महाविद्यालय (महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, राजनांदगांव) में संचालित बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम हेतु पुनः फीस निर्धारण किये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये हैं।

वर्तमान में आयुष स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग/प्रवेश की कार्यवाही प्रगति पर है। अतः शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साईंस, राजनांदगांव के बी.ए.एम.एस. पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित फीस रूपये 1,36,000/- (एक लाख छत्तीस हजार रूपये) अभ्यर्थियों से लिया जाकर प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।

माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के आदेश दिनांक 29.10.2025 के परिपेक्ष्य में प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति, रायपुर द्वारा पुनः फीस निर्धारण किये जाने पर अंतर की राशि छात्र/छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय में जमा करना होगा।

Digitally signed by
SHIKHA RAJPUT TIWARI
Date: 04-11-2025
17:14:20

आयुक्त
आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा,यूनानी,
सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़